an>

Title: Regarding illegal encroachment of cow grazing land and construction of cowshed.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं एक अति महत्वपूर्ण लोक महत्व के विषय को आपके माध्यम से सदन में उठाना चाहता हूँ।

यह बारिश का समय है। इस मौसम में सड़कों पर बहुत बड़ी संख्या में गायें आ जाती हैं। इसका सबसे प्रमुख कारण यह है कि गांवों में जो गौचर की भूमि हुआ करती थी, उस भूमि पर अतिक्रमण हो गये। उस पर लोगों ने मकान बना लिये। इसके कारण गायें सड़कों पर आ जाती हैं। जब लोग सड़कों पर वाहन लेकर निकलते हैं, तो इससे गायें दुर्घटनाग्रस्त होती हैं और वाहन भी क्षतिग्रस्त होते हैं। सड़कों पर हाथी, घोड़े, खच्चर और अन्य किसी भी तरह के जानवर नहीं मिलते हैं, लेकिन गायें ही सड़कों पर मिलती हैं, लोग-बाग इनको सड़कों पर छोड़ देते हैं।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार इस संबंध में पहल करे और देश भर में जो गौचर की भूमि है, उसे अतिक्रमण से मुक्त कराकर वहाँ पर गौशालाओं का निर्माण कराया जाए ताकि गायें आवारा तरीके से न घूम सकें और उनके साथ दुर्घटनाएँ न होने पाएं।

माननीय अध्यक्ष : सर्वश्री गजेन्द्र सिंह शेखावत तथा भैंरो प्रसाद मिश्र तथा डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।